# प्रेसनोट – 30.08.2026

**मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर परिवार परामर्श समिति की बैठक की गयी, जिसमें 43 मामलों में से 18 मामलों का हुआ निस्तारण-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 30.08.2026 को परिवार परामर्श समिति की बैठक पुलिस कार्यालय में सम्पन्न हुयी । इस दौरान परिवार परामर्श समिति के सदस्यो के समक्ष कुल 43 मामले आये, जिसमें परिवार परामर्श समिति के सदस्यो के प्रयास से 18 मामलों का निस्तारण हुआ, जिसमें 08 फाइल बन्द किया गया, 09 सुलह हुआ, जिनके नाम लक्ष्मीना/योगेन्द्र, नीतू/अविनाश, खुशबू/रोहित, सुमन/धर्मेन्द्र, संदीप/रेखा, राजेन्द्र/जया, शाहिना/शोहराब, नीतू/हिमांशु, काजल/शैलेन्द्र हैं। एक एफ आई आर दर्ज हुआ तथा शेष 25 मामलों में अगली तारीख दी गयी।

परिवार परामर्श समिति की बैठक में अर्चना उपाध्याय, सर्वेश दूबे, शाहिद पैरिस, मौलवी अरशद रहे । सहयोगार्थ एस आई समरजीत यादव,महिला आरक्षी राजलक्ष्मी त्रिपाठी, करिश्मा राय उपस्थित रहे।

**जनपद मऊ साइबर पुलिस टीम द्वारा पीडितों का फ्रॉड हुआ कुल धनराशि- 58,228/- (अट्ठावन हजार दो सौ अट्ठाईस रुपया) पीडितों को वापस कराया गया-**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारीगण के कुशल नेतृत्व में थाना घोसी व थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा दिनांक- 30.08.2026 को मोबाइल हैक कर यूपीआई के माध्यम से पीड़ितों /आवेदको के खाते से फ्राड की गयी कुल धनराशि- 58,228/- (अट्ठावन हजार दो सौ अट्ठाईस रुपया) MRM PORTAL के माध्यम से साइबर पुलिस टीम जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया।

***थानावार विवरण*-**

1.थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित /आवेदक अरुण कुमार यादव पुत्र अक्षय कुमार यादव निवासी जमालपुर विक्कमपुर थाना घोसी जनपद मऊ को कुल धनराशि – **48,200/-** रूपया वापस कराया गया।

2.थाना मुहम्मदाबाद गोहना साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित /आवेदिक लौहर यादव पुत्र शान्ता यादव निवासी ग्राम गौरपार जोगरी थाना मु0बाद गोहना जनपद मऊ को कुल धनराशि – **10,028/-** रूपया वापस कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा OTP साझा करने से सावधान रहें । साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

**जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में दिनांक- 30.08.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग- अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी /बरामदगी व विभिन्न मामलों में वारंटी अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

***थानावार कार्यवाही का विवरण***

**1.थाना सरायलखंसी** पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्तगण क्रमशः 1.सिकन्दर पुत्र स्व0 इस्लाम निवासी ग्राम बारीगांव (सरवा) थाना सरायलखंसी जनपद मऊ व 2.प्रमोद यादव पुत्र स्व0 रामबचन यादव निवासी ग्राम डोडापुर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ।

अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में दिनांक 30.08.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया**

इस अभियान के अंतर्गत 32 टीम गठित कर जनपद के 34 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1480 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 470 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 01 वाहनों की सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।